हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 19.6 डिग्री

14 सिकासेर-कोडार सिंचाई परियोजना के जल्द ....



14 लगातार हो रही चोरियों से परेशान हैं कर्मचारी ...





## खबर संक्षेप

### दिशा की बैठक 6 को



**महासमुंद।** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 6 मार्च को आयोजित होगा। बैठक लोकसभा क्षेत्र महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में होगी। बैठक का आयोजन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सभी संबंधित सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### बाइक की टक्कर से दो अधिवक्ता घायल

**महासमुंद।** पिथौरा में बाइक की टक्कर से दो वकील घायल हो गए। रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अधिवक्ता शाहिर खान निवासी ग्राम नवागांव थाना मंदिर हसौद ने बताया कि वह रायपुर जिला न्यायालय में अधिवक्ता हैं। 26 फरवरी को व्यवहार न्यायालय पिथौरा में प्रकरण की पैरवी करने के पश्चात रायपुर जाने के लिए न्यायालय के बाहर कार क्रमांक सीजी 04 पीवी 7991 अपने साथी अधिवक्ता शिवाकांत उपाध्याय के साथ बैठने वाला था, तभी दीपक श्रीवास अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीसी 0868 को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक नशे की हालत में चलाते हुए कार से कुछ दूर पहले गिरकर तेजी से घसीटते हुए सड़क के किनारे में कार के पास आकर टकराने से प्रार्थी के बांये पैर, दाहिने हाथ की तीन उंगलियों में चोट आयी है।

# जिले के 1.49 लाख किसानों के खातों में आज आएंगे बोनस के 745 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार की कृषक उन्नति योजना के तहत महासमुंद जिले के किसानों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के अनुरूप, समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को धान की अंतर राशि का भुगतान होली के त्यौहार से पहले एकमुश्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज, 28 फरवरी को बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड के ग्राम रहंगी में आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश भर के किसानों के खातों में सीधे राशि ट्रांसफर करेंगे। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में दोपहर 12 बजे से वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जहां स्थानीय स्तर पर किसानों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। कृषि विभाग के उप संचालक एफ. आर. कश्यप ने जिले के भुगतान संबंधी महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए हैं। जिले के कुल 1,49,759 किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा। किसानों के बैंक खातों में कुल 745 करोड़ 30 लाख 36 हजार रुपए की राशि भेजी जाएगी। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 10 लाख 19 हजार 568 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है।

## होली से पहले किसानों की दिवाली, किसानों के खाते आज आएगी अंतर की राशि

### बैंकों में उमड़ेगी भीड़, उठाईगिरी का खतरा बढ़ा

भुगतान की प्रक्रिया शुरू होते ही आज जिले के सभी सरकारी और सहकारी बैंकों में किसानों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। शहर सहित बागबाहरा, सरायपाली, बसना और पिथौरा के बैंक शाखाओं में सुबह से ही किसान अपनी राशि निकालने और खाता चेक करने के लिए पहुंचेंगे। इस सरकारी योजना की राशि निकालने के लिए सुबह से ही बैंकों में ग्रामीणों और अन्य खाताधारकों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। भीड़ का फायदा उठाकर उठाईगिरी और चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हो सकते हैं। अक्सर देखा गया है कि बैंक के अंदर और बाहर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में असामाजिक तत्व पैसे निकालकर जा रहे बुजुर्गों और महिलाओं को अपना निशाना बनाते हैं।

### 3100 रुपए प्रति क्विंटल का वादा पूरा

राज्य सरकार द्वारा किसानों को धान का मूल्य 3100 रुपये प्रति क्विंटल देने का वादा किया गया था। समर्थन मूल्य और इस निर्धारित मूल्य के बीच की जो अंतर राशि है, उसे अब सीधे किसानों के खातों में भेजा जा रहा है। होली के ठीक पहले इतनी बड़ी राशि मिलने से जिले के ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी आने और किसानों के घरों में खुशहाली आने की उम्मीद है। सभी ब्लॉक मुख्यालयों में होने वाले सम्मेलनों की तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हों।

## प्रदर्शन : आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट का किया घेराव

# हक की मांग, हजारों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बुनियादी सुविधाओं और शासकीय कर्मचारी घोषित किए जाने की मांग को लेकर जिले भर की हजारों कार्यकर्ता और सहायिकाएं सड़कों पर उतरीं। जिले में आंगनबाड़ी कर्मियों के संयुक्त मंच के आह्वान पर दो दिवसीय प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत आंदोलनकारियों ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया।

आंदोलन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ की प्रदेशाध्यक्ष सुधा रात्रे और जिलाध्यक्ष सुलेखा शर्मा ने किया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे पिछले 50 वर्षों से एकीकृत बाल विकास योजना के तहत अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोविड महामारी से लेकर निर्वाचन कार्यों तक में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला मानदेय बेहद कम है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 4500 रुपये और सहायिकाओं को मात्र 2250 रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में जीवन यापन के लिए अपर्याप्त है। प्रदर्शनकारियों ने डिप्टी कलेक्टर शुभम और मनोज खांडे को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उनकी मुख्य मांगें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए। नियमितीकरण होने तक कार्यकर्ताओं को 26,000 रुपये और सहायिकाओं को 21,000 रुपये न्यूनतम वेतन दिया जाए। सेवानिवृत्ति या आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में एकमुश्त ग्रेच्युटी, मासिक पेंशन और समूह बीमा का लाभ दिया जाए। मध्यप्रदेश की तर्ज पर मानदेय में प्रतिवर्ष 1,000 रुपये की वृद्धि की जाए।



### पुलिस से हुई झूमाझटकी

रैली के दौरान जब कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के भीतर प्रवेश करने की कोशिश कर रही थीं, तब वहां तैनात पुलिस बल के झूमाझटकी हुई। बैरिकेड्स पर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। महिलाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि बजट 2026-27 में भी उनके लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं किए गए हैं।

### 9 मार्च को विधानसभा घेराव की चेतावनी

संघ की पदाधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 8 मार्च तक उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। आगामी 9 मार्च को प्रदेश भर की लगभग एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं राजधानी रायपुर कूच करेंगी और विधानसभा का घेराव करेंगी।

## भालू के हमले से गांव में दहशत बछड़े को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

- वन विभाग ने शुरू की क्षतिपूर्ति प्रक्रिया, सतर्कता की अपील



गुरुवार की देर रात ग्राम बार में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जंगल से भटककर आए एक भालू ने घर के परिसर में घुसकर एक बछड़े को अपना शिकार बना लिया। सुबह बछड़ा पेट फटी और अतड़ियाँ क्षत-विक्षत अवस्था में पाया गया, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।

इस घटना के संबंध में बारनवापारा अभ्यारण्य परिक्षेत्र के वन रक्षक नेहरू निषाद ने बताया कि गुरुवार की रात एक भालू जंगल से भटककर ग्राम बार में प्रवेश कर गया था। भालू ने पत्ते राम यादव के घर परिसर की बाड़ी में घुसकर उनके छोटे बछड़े पर हमला कर उसे मार डाला। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शव का परीक्षण कर क्षतिपूर्ति प्रकरण की प्रक्रिया शुरू की गई। अभ्यारण्य अधीक्षक कृषाणु चंद्राकर ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और वन विभाग को सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में लगातार निगरानी की जा रही है और प्रभावित परिवार को त्वरित क्षतिपूर्ति दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही रात के समय घरों के आसपास रोशनी रखने और पशुओं को सुरक्षित स्थान पर बांधने की सलाह दी गई है।




## खबर संक्षेप

### अज्ञात कार की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**महासमुंद**। गांड़ाघाट मोड़ पर अज्ञात कार की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी की सुबह 9 बजे नरोत्तम निषाद पिता मनबोधी निषाद (50 साल) गाडाघाट थाना खल्लारी राजमिस्त्री का काम करने के लिए अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 8034 से बागबाहरा गया था तथा काम करने के बाद शाम को लगभग 7 बजे एनएच 353 रोड गांड़ाघाट मोड़ पर अपने गांव जाने के लिए मुड़ा तभी सामने से आ रही अज्ञात कार के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए नरोत्तम निषाद की बाइक को ठोकर मार दिया। एक्सीडेंट में नरोत्तम के सिर में चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### इंजीनियर के घर से चोरी

**महासमुंद**। ग्राम सलपपानी में एक इंजीनियर के घर से करीबन 1.70 लाख रुपए की चोरी की घटना के मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सलपपानी निवासी व इंफोसिस प्रायवेट लिमिटेड कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर मुकेश मिश्रा 25 फरवरी को कार्यक्रम के सिलसिले में बसना आये थे। रात्रि में कार्यक्रम के बाद उसके पिता कृष्ण कुमार मिश्रा वापस घर करीब रात 10 बजे जाकर सो गए। दूसरे 26 फरवरी को सुबह करीब 4 उसके पिता उठकर कमरे का दरवाजा खोलने लगे, लेकिन दरवाजा नहीं खुल रहा था। जोर से खींचकर दरवाजा को खोलने पर पता चला कि बाहर से साड़ी से दरवाजा को बांध दिया था तथा दुकान के कमरे का ताला टूटा था और एक और कमरे का भी ताला टूटा हुआ था। घर में रखा सामान बिखरा हुआ एवं आलमारी में रखे नगदी रकम एवं सोना चांदी का जेवर नहीं था। रात में कोई अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर पुरानी इस्तेमाली 2 लेपटाप, नगदी रकम लगभग 120,000 रुपए, सोने की अंगूठी वजन लगभग 5 ग्राम, दो लॉकेट लगभग 3 ग्राम, चांदी की पायल 8 जोडी, चांदी का चेन 3 नग, बिछिया 10 जोड़ी, चांदी क चूड़ी 4 नग करीब 170,000 रुपए की चोरी कर ली।

### नगर में भव्य श्याम महोत्सव का आयोजन

**महासमुंद**। नगर के पंचशील क्लब में श्याम मित्र मंडल द्वारा 28 फरवरी की शाम 7 बजे से भव्य श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महोत्सव में बाबा श्याम की आकर्षक सजावट, भव्य दरबार एवं पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। कार्यक्रम में अमृतसर से पधार रहे भजन गायक संदीप शर्मा एवं श्रीकांत शर्मा (तेजी ब्रदर्स) अपनी मधुर प्रस्तुति देंगे। वहीं रायपुर के मनोज शर्मा भी श्याम भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर करेंगे। भजनों की संध्या में "खाटू वाले श्याम", "हारे का सहारा" जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति होने की संभावना है। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

## प्रदर्शन : नेहरू चौक में पुतला दहन कर किया विरोध प्रदर्शन

# महिला कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एपस्टिन फाईल में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम प्रमुखता से आने के बाद महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनम बंसोड तथा शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा के निर्देशानुसार नेहरु चौक में मंत्री का पुतला दहन किया गया।

जेफरी एपस्टीन एक अमेरिकी फाइनेंसर और सजायाफ्ता यौन अपराधी था, जो दुनिया के सबसे प्रभावशाली लोगों के साथ अपने संबंधों और नाबालिगों की यौन तस्करी के नेटवर्क चलाने के लिए बदनाम हुआ। वह अपने निजी द्वीप 'लिटिल सेंट जेम्स' (वर्जिन आइलैंड्स) और निजी जेट



'लोलिता एक्सप्रेस' के माध्यम से दुनिया भर के प्रभावशाली राजनेताओं, व्यवसायियों और मशहूर हस्तियों को लड़कियां उपलब्ध कराता था। जेफरी एपस्टीन फाइल्स के हालिया खुलासों के बाद कई अंतरराष्ट्रीय नेताओं और उच्च पदस्थ अधिकारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दिया है। मगर ऐसे यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से अनेक मुलाकात के बाद भी हरदीप पुरी ने अभी तक इस्तीफा नहीं दिया है। कांग्रेस पार्टी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी से इस्तीफे की मांग की।

पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, मनोजकांत साहू, संजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, तुलसी साहू, लक्ष्मी देवांगन, भरत ठाकुर, अजय थवाईत, प्रदीप चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष हुलास गिरि गोस्वामी, मण्डल अध्यक्ष सचिन गायकवाड, सोमेश दवे, तबरेज खान, गोपी तारक, टोमन कागजी, डॉ एजाज नकवी, गौरव चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, बृजेन बंजारे, ममता चंद्राकर, राशि महिलांग, दशोदा ध्रुव, पिंकी बघेल, लक्ष्मी सोनी, राजू साहू, लीलू साहू, बसंत चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, मनोहर ठाकुर, लोकेश मांझी, तुलसी देवदास, सुषमा उईके, कुंती यादव, किरण मेश्राम, चित्रलेखा यादव, जयंती मांझी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## अवैध स्पंज आयरन की तस्करी का भंडाफोड़

## 42 लाख का माल जब्त, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुलिस ने अवैध रूप से स्पंज आयरन की चोरी और परिवहन करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल की है। बसना पुलिस ने इस मामले में दो ट्रक जब्त किए हैं, जिनमें करीब 22 लाख रुपये मूल्य का 68.755 मीट्रिक टन अवैध लोहा लदा हुआ था। ट्रकों सहित जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत लगभग 42 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस को सटीक जानकारी मिली थी कि ओडिशा से रायपुर की ओर जा रहे दो ट्रकों सीजे 04 जेसी 4585 और सीजी 07 एवी 5290 में संदिग्ध सामान ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही बसना पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों ट्रकों को रोका। तलाशी लेने पर उनमें भारी मात्रा में स्पंज आयरन मिला। पकड़े गए ट्रक चालकों में सोनूलाल मोंगरे और रामेश्वर मानिकपुरीने पहले पुलिस को फर्जी दस्तावेज दिखाए। उन्होंने दावा किया कि यह माल रायगढ़ की एक फर्म से लोड होकर रायपुर जा रहा है। हालांकि, दस्तावेजों की बारीकी से जांच और तकनीकी छानबीन में पुलिस को शक हो गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर चालकों ने स्वीकार किया कि यह लोहा ओडिशा के बरगढ़ जिले के लोहराचट्टी स्थित एक गोदाम से लोड किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि इस पूरे गिरोह का मुख्य सूत्रधार रंजीत सिंह है। रंजीत सिंह नेशनल हाईवे पर चलने वाले ट्रक ड्राइवरों को पैसों का लालच देता था। वह ड्राइवरों से थोड़ा-थोड़ा स्पंज आयरन कम कीमत में खरीद लेता था और उसे अपने गोदाम में जमा करता था। जब पर्याप्त मात्रा में लोहा इकट्ठा हो जाता, तो वह फर्जी बिल और दस्तावेज तैयार करवाकर उसे खपाने के लिए रायपुर भेज देता था। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें सोनूलाल मोंगरे महासमुंद, रामेश्वर मानिकपुरी महासमुंद, रंजीत सिंह बरगढ़, ओडिशा। इन आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

## गांजा का अवैध परिवहन कर रहे दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के थाना सिंघोड़ा क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने घेराबंदी कर एक लग्जरी कार से 35 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में मध्य प्रदेश के रहने वाले दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए गांजे और वाहन की कुल कीमत लगभग 29 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा की तरफ से एक सफेद रंग की वरना कार क्रमांक एमपी 07 जेडजेड 5221 में भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर मध्य प्रदेश ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही टास्क फोर्स और सिंघोड़ा पुलिस की टीम ने एनएच-53 रोड पर रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की। संदिग्ध कार के आते ही उसे रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान कार की पिछली सीट के पास विशेष रूप से बनाए गए एक गुप्त चैंबर (बॉक्स) के अंदर गांजा छिपा कर रखा गया था। पुलिस ने कार से 35 किलो गांजा निकाला, जिसकी बाजार में कीमत 17 लाख 50 हजार रुपये है।

**गिरफ्तार आरोपियों का विवरण**

पुलिस ने मौके से कार सवार दो युवकों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान हुई है जिसमें पंकज राठौर (22 वर्ष), निवासी मुरैना, मध्य प्रदेश, हेमंत सिंह तोमर (22 वर्ष), निवासी बिचौली रोड, मुरैना, मध्य प्रदेश। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे यह गांजा पदमपुर (ओडिशा) से खरीदकर मुरैना (मध्य प्रदेश) खपाने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से गांजे के अलावा तस्करी में इस्तेमाल कार (कीमत 12 लाख), दो मोबाइल फोन और 5,000 रुपये नकद जब्त किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) और 29 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## नशा करने से मना करने पर युवक ने कर दी नानी की हत्या, ग्राम गौरिया का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सांकरा थाना अंतर्गत ग्राम गौरिया में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने अपनी ही नानी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार जितेंद्र कुमार सेठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका भांजा रोहन सेठ (26 वर्ष) 23 फरवरी को उनके घर आया हुआ था। आरोपी युवक नशे का आदी बताया जा रहा है और अक्सर नशा करने को लेकर विवाद करता था। घटना 25 फरवरी 2026, दोपहर करीब 3:40 बजे की है, जब घर में मौजूद उसकी नानी मिथिला बाई (65 वर्ष) ने उसे नशा करने से मना किया, तो वह गुस्से में आ गया। गुस्से में आरोपी रोहन सेठ ने घर में रखी स्टील की पानी की बोतल से अपनी नानी के सिर पर कई बार वार कर दिया। हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और मौके पर ही खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। परिजनों ने उन्हें संभालने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

घटना के समय घर में मौजूद महेंद्र कुमार सेठ, श्यामलाल पटेल ने घटना को देखा और सुना, जिसकी पुष्टि रिपोर्ट में की गई है। इस मामले में धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जांच की जिम्मेदारी एएसआई विजेंद्र चंद्रनिहा को सौंपी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने जिले में विस्तृत सर्वेक्षण

**महासमुंद**। जिले में निवासरत दिव्यांगजनों का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जा रहा है। ताकि जरूरतमंद दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराया जा सकें। सर्वे के दौरान ऐसे दिव्यांगजनों को चिन्हांकित किया जाएगा, जिन्हें श्रवण यंत्र, दृष्टिबाधित सहायक उपकरण, ट्रायसायकल, व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर एवं अन्य सहायक साधनों की आवश्यकता है। प्रत्येक हितग्राही का नाम, पता, दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत, आवश्यक उपकरण का विवरण तथा संपर्क नंबर सहित पूरी जानकारी संकलित की जाएगी।

## अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्यामाचरण शुक्ल को जयंती पर कांग्रेसियों ने किया स्मरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांधी कांग्रेस भवन में अविभाजित

- दो मिनट का मौन रख उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

मध्यप्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे और प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. पंडित श्यामाचरण शुक्ल की जयंती पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने पुण्य स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनके जीवन परिचय बताते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला ने कहा कि पंडित श्यामाचरण शुक्ल का जन्म 27 फरवरी 1925 को रायपुर में हुआ था। वे मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल के पुत्र थे तथा अनेक बार केंद्रीय मंत्री रहे पंडित विद्याचरण शुक्ल के बड़े भाई थे। पंडित श्यामाचरण शुक्ल एक कुशल प्रशासक और दिग्गज राजनेता थे। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के विकास के लिए उनके द्वारा किये गये कार्य जैसे हरित क्रांति, सिंचाई परियोजनाएं और ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। वे महासमुंद



संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। वे स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहे, 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' में वे सक्रिय रूप से जुड़े थे। वे आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वे साहित्य तथा हिंदी दैनिक समाचार पत्र महाकोशल के माध्यम से पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय थे।

सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि उनके मुख्यमंत्री रहते हुए छत्तीसगढ़ के सबसे बडे और सबसे लंबे बांध, गंगरेल बांध का निर्माण हुआ था। इस बांध की आधारशिला (शिलान्यास) 5 मई 1972 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रखी थी। यह बांध भिलाई इस्पात संयंत्र को पानी की आपूर्ति करता है और इससे 10 मेगावाट की पनबिजली भी उत्पन्न होती है। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरमीत चावला, दाऊलाल चंद्राकर, संजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल, जिला कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, पूर्व शहर अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सोनम बंसोड, पार्षद मुस्ताक खान विक्की, तुलसी साहू, लक्ष्मी देवांगन, भरत ठाकुर, अजय थवाईत, प्रदीप चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष हुलास गिरि गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष सचिन गायकवाड, सोमेश दवे, तबरेज खान, गोपी तारक, टोमन कागजी, डॉ एजाज नकवी, गौरव चंद्राकर, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, बृजेन बंजारे, ममता चंद्राकर, राशि महिलांग, दशोदा ध्रुव, पिंकी बघेल, लक्ष्मी सोनी, राजू साहू, लीलू साहू, बसंत चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, मनोहर ठाकुर, लोकेश मांझी, तुलसी देवदास, सुषमा उईके, कुंती यादव, किरण मेश्राम, चित्रलेखा यादव, जयंती मांझी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन दो मिनट का मौन रखकर और उनके बताए मार्ग पर चलने के संकल्प के साथ हुआ।

## संकुल केंद्र देवरी में टीएलएम निर्माण एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**बागबाहरा**। संकुल केंद्र देवरी में संकुल स्तरीय टीएलएम निर्माण एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अहिल्या साहू सरपंच, शांताराम साहू सरपंच प्रतिनिधि, बीआर साहू सेवानिवृत्त शिक्षक, युवराज साहू एसएमसी अध्यक्ष, डीएस टंडन प्राचार्य देवरी, नेशलाल धृतलहरे वरिष्ठ व्याख्याता रहे।

कार्यक्रम का संचालन मनोज चक्रधारी संकुल समन्वयक ने किया। टीएलएम प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर से प्रथम स्थान मधु कुमार साहू प्राथमिक शाला देवरी एवं द्वितीय स्थान पूरन सिंग बघेल प्राथमिक शाला चिंगरिया को प्राप्त हुआ। उच्च प्राथमिक स्तर से नूतन चंद्राकर मिडिल स्कूल देवरी को प्रथम पुरस्कार एवं ज्ञानिक सिंह दीवान मिडिल स्कूल कुसमी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भावसिंह ध्रुव प्राथमिक शाला कुसमी, घनश्याम अहिर प्राथमिक शाला छिबर्रा, मनमोहन टंडन पूर्व माध्यमिक शाला खुर्सीपार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के टीएलएम का प्रदर्शन किया गया। सरपंच अहिल्या साहू ने सभी शिक्षकों को इस टीएलएम के माध्यम से बच्चों के शिक्षण अधिगम क्षमता को बेहतर बनाने का सुझाव दिया गया। शांताराम साहू सरपंच प्रतिनिधि ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए आगे बढ़ने को प्रेरित किया। बीआर



साहू द्वारा सभी शिक्षक एवं शाला की प्रगति के लिए मार्गदर्शन प्रदान किए। डोमन सिंह टंडन प्राचार्य देवरी एवं वरिष्ठ व्याख्याता नेशलाल धृतलहरे ने सभी शिक्षकों को बेहतर नवाचार के माध्यम से शिक्षण को रोचक बनाने के सुझाव दिए। जाति प्रमाण पत्र में शत प्रतिशत उपलब्धि एवं उल्लेखनीय कार्य हेतु संकुल केंद्र देवरी के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बलराम चंद्राकर, मीनालाल साहू, हुमेलाल साहू, मधु कुमार साहू, सत्य कुमार बरिहा, कंचन जांगड़े, दीपक साहू, मनमोहन टंडन, श्यामलाल साहू, ज्ञानिक सिंह दीवान, ओमकुमार दीवान, भागवत टंडन, भावसिंह ध्रुव, घनश्याम अहिर, धनसिंग सिन्हा, चोवाराम सेन, नेतराम साहू को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। अंत में मनोज चक्रधारी संकुल समन्वयक देवरी द्वारा सभी शिक्षकों को टीएलएम के माध्यम से अवधारणा की समझ विकसित करने एवं शिक्षण प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने के लिए आह्वान किया।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम के अंतिम दिवस हुआ व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण

### वूमैन इन साइंस कैटलाइजिंग विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगियों के साथ मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद विज्ञान भवन रायपुर के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 का आयोजन प्राचार्य करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं मनीराम धीवर के संयोजन में आयोजित किया गया। अंतिम दिवस व्याख्यान एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अजीत हुंडेत सेवानिवृत प्राध्यापक शासकीय डीबी कन्या महाविद्यालय रायपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ मनमोहन लाल सतनामी प्राध्यापक रसायनशास्त्र प्रयोगशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर, अध्यक्षता प्राचार्य प्रो करुणा दुबे, डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रमुख, मनीराम धीवर संयोजक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, सरस्वती सेठ सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र, प्रियंका सोनवानी विभागाध्यक्ष प्राणिशास्त्र, डॉ अजय कुमार देवांगन विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग मंचस्थ रहे।

सभी अतिथियों का प्रतीक चिन्ह एवं पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन मनीराम धीवर द्वारा विगत 4 दिनों से संचालित कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य विज्ञान के महत्व को बढ़ावा देना, वैज्ञानिक सोच और अनुसंधान को प्रोत्साहित करना, विज्ञान और समाज के बीच संबंध को मजबूत करना, युवाओं को विज्ञान में रुचि लेने के लिए प्रेरित करना, और वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना है। यह दिवस 28 फरवरी को मनाया जाता है, जो सीवी रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज की वर्षगांठ है। मुख्य अतिथि डॉ अजीत हूंडेत ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य



विषय है महिलाएं किस प्रकार विकसित भारत को गति प्रदान करती हैं। उल्लेखित प्रमुख क्षेत्रों में स्वदेशी अनुसंधान को बढ़ावा देना, स्वास्थ्य सेवा में नवाचार, अंतरिक्ष मिशन, डिजिटल प्रौद्योगिकी और सतत विकास शामिल हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में महिलाओं की उन्नति के लिए लक्ष्यों की रूपरेखा दी गई है, जिसमें एसटीईएम शिक्षा तक समान पहुंच, छात्रवृत्तियां और नेतृत्व के अवसर मिले। विशिष्ट अतिथि डॉ मनमोहन एल सतनामी ने विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय महिलाओं के योगदान, बहु विषयक अनुसंधान, नैनो मैटेरियल्स के प्रकार गुण एवं वर्तमान समय में उपयोगिता, क्वांटम डॉट, ग्रेफिन, ब्लू एलइडी पर अपनी बात रखी। विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से फ्लोरोसेंस एवं फोस्फोरेसेंस जैसे विषयों को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों को रिसर्च के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे ने महिलाओं को अंतर निहित शक्तियों को पहचान कर संपूर्ण क्षेत्र में आगे आकर अपने योगदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं ईश्वर की सर्वोत्कृष्ट रचना है एवं उनको आगे आने के लिए सुविधाओं के साथ-साथ उनकी सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही प्रथम सत्र में साइंस इन वन मिनट प्रतियोगिता का आयोजन किया दिवस प्रथम सत्र में रसायन विभाग द्वारा साइंस इन वन मिनिट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी सरस्वती सेठ रही। इस कार्यक्रम के परिणाम में प्रथम ऋतु साहू बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय लक्ष्मी साव एमएससी वनस्पतिशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय खिलेंद्र निषाद वनस्पतिशास्त्र द्वितीय सेमेस्टर रहे। उक्त प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. जागृति चंद्राकर, भूपेश पात्रा, टीकम साहू, सीपी चतुर्वेदी, रूपावती, रोहिणी देवांगन रहे। 4 दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुआ। जिसमें सभी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

## स्वानुशासन ही चेतना विकास मूल्य शिक्षा का उद्देश्य



**महासमुंद**। शाला प्रबंधन विकास समिति बरभाठा सरकारी स्कूल ने चेतना विकास मूल्य शिक्षा संचालित अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया, जिसके तहत कोकड़ी सरकारी में स्वानुशासित बच्चों और शिक्षकों को पाकर वो गदगद हो गए। समिति अध्यक्ष भास्कर बताया कि अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल प्रातः 9:20 को प्रारंभ हो जाती है, जबकि दूसरे सरकारी स्कूल 10:30 को। प्रतिदिन 1-2 घंटे अतिरिक्त कक्षा में विद्यालय संचालित करता है। बरभाठा सरकारी स्कूल के प्रधान अध्यापिका शालिनी गायगोरे व अध्यापिका तिजमत साहू व शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष भास्कर व सदस्यों समेत मनीराम यादव, मध्यप्रदेश से आयीं निधि तांबे ने अभिभावक विद्यालय कोकड़ी सरकारी स्कूल को मानवीय मूल्यों की शिक्षा के लिए समर्पित विद्यालय माना व राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि राज्य के सभी विद्यालयों प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में चेतना विकास मूल्य शिक्षा को अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में लागू करते हुए उसका विधिवत प्रशिक्षण शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया के माध्यम से दिए जाने का सरकार और स्कूल शिक्षा विभाग प्रावधान करें।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

डॉ. संदीप सराफ अग्रवाल
MS (Orthopedics), FIJR, FESS, FIAS
हड्डी, जोड़ प्रत्यारोपण, स्पाइन सर्जरी एवं आर्थोस्कोपी विशेषज्ञ

एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज

डॉ. गंगाधर आत्राम
MBBS, MS, FMAS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद , Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### डोंगरीपाली में निकाली गई ज्योति कलश यात्रा

**महासमुंद।** बागबाहरा क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली (कमरौद) में मां गायत्री ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर सुरेंद्र कुमार साहू, बालमुकुंद साहू, ओम प्रकाश साहू, यादराम पटेल, कुलेश्वर पुरी गोस्वामी, गैंदूराम साहू, प्रदीप साहू, सुखबाई साहू, सकीना साहू, संतोषी साहू, कमला साहू, रीमा साहू, मीना ठाकुर, दुर्गा गोस्वामी, धनमती चौहान, देवबती साहू एवं पूर्णिमा पटेल सहित समस्त ग्रामवासी सम्मिलित थे। उक्त जानकारी महेंद्र सिंह ठाकुर ने दी।

### बजट विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत कदम : लोकनाथ

**सरायपाली।** जिला पंचायत महासमुंद के सभापति लोकनाथ बारी ने राज्य बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से जो संकल्प लिए हैं, यह बजट उन्हें धरातल पर लागू करने की मजबूत दिशा प्रदान करता है। बारी ने कहा कि बजट में कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के लिए किए गए व्यापक प्रावधान किसान परिवारों के लिए राहत और प्रगति का संदेश देते हैं।





### बरबसपुर के कन्याओं को भेंट किया वैवाहिक जोड़ा

**महासमुंद।** वैवाहिक कार्यक्रम तय होने पर विधायक योगेश्वर राजू सिंहा द्वारा दुल्हा दुल्हनों को वैवाहिक परिधान भेंट किए जाने के क्रम में विधायक पत्नि श्रीमति प्रिया सिंहा इन स्थानों में पहुंचकर उन्हें शादी का जोड़ा भेंट कर रही हैं। वहीं विधायक द्वारा उनकी पारिवारिक स्थिति और कुशलक्षेम की जानकारी लिए जाने से क्षेत्र के युवाओं में हर्ष व्याप्त है। ग्राम बरबसपुर में श्रीमति सिंहा ने परिवार के मुखिया सहित सदस्यों से मुलाकात कर विवाहित जोड़ा भेंट किया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि महेंद्रप्रताप सोनवानी ने विधायक द्वारा की गई इस नेक पहल का स्वागत किया है।

### नर्रा में मरार पटेल समाज का वार्षिक अधिवेशन कल

**नर्रा।** मरार पटेल समाज नर्राराज की वार्षिक अधिवेशन ग्राम नर्रा के सामाजिक भवन में 1 मार्च रविवार प्रातः 10 बजे से होगा। समाज में यह निर्णय लिया गया है कि 2024-25 में कक्षा दसवीं और बारहवीं में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मरार समाज के होनहार व प्रतिभावान छात्रों का सम्मान स्मृति चिन्ह व पेन देकर सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज में निस्वार्थ भाव से सेवा और समर्पण देने वाले समाज पदाधिकारियों का सम्मान मेमोंटो श्रीफल एवं गमच्छा देकर किया जाएगा। वही कोषाध्यक्ष द्वारा सालभर का ब्यौरा और लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। समाज पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्ति होने पर नए पदाधिकारी का चयन भी किया जाएगा।

# कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान



छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राष्ट्रीय मांग दिवस पर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री नई दिल्ली के नाम कलेक्टर महासमुंद को एक ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में शा. तृ. वर्ग कर्मचारी संघ के संरक्षक हरिवल्लभ शर्मा ने बताया कि केन्द्र स्तरीय प्रमुख मांगों में सभी संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए, संविदा, आउट सोर्स, दैनिक वेतन भोगी रोजगार बंद करने, राज्य सरकार के विभागों और पीएसयू के सभी रिक्त पद भरे जाए, पीएफआरडीए एक्ट निरस्त किया जाए, एनपीएस/यूपीएस समाप्त किया जाए, फंड मैनेजरों को निर्देश दिए जाये कि वे जमा राशि सरकारों को वापस करें, ईपीएस 95 के सभी सदस्यों को परिभाषित लाभ पेंशन प्रणाली में लिया जाए, पेंशन अधिनियम 2025 को निरस्त कर ओपीएस के तहत पेंशनरों के अधिकार बहाल किए जाये, चारों श्रम संहिताएं (लेबर कोडस) निरस्त किए जाए, पीएसयू का निजीकरण निगमीकरण और सरकारी विभागों का डाउनसाइजिंग बंद किया जाये। इसके अलावा संघ ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा है कि 8वें वेतन आयोग (सीपीसी) के संदर्भ की शर्तों की समीक्षा की जाये, हर 5 वर्ष में नियमित वेतन संशोधन सुनिश्चित किया जाए, न्यूनतम शर्त के साथ मूल वेतन का 10 प्रतिशत अंतिम राहत दी जाये। वहीं सरकार के सहयोग से एक व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना लागू किया जाये इसमें पेंशनरों, कर्मियों समेत संविदा कर्मियों को शामिल किया जाये। साथ एनईपी के अलावा शिक्षकों के लिए अनिवार्य टीईटी आदेश वापस लिया जाये, संविधान के अनुच्छेद 310,311(2) (ए) (बी) (सी) को निरस्त किया जाये, राज्यों में लंबित डीए/डीआर की सभी किश्ते प्रभावी तिथि से एरियर्स सहित जारी किये जाये। उक्त ज्ञापन में संघ के प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी व जिलाध्यक्ष के अलावा संरक्षक शर्मा के हस्ताक्षरयुक्त है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से हरिवल्लभ शर्मा बोडरीदादर, चन्द्रकुमार तांडे, किशन नारंग, मोहित जलक्षत्री, चतुर्भुज दीवान, दिलीप मारकंडे, राजेश नायक, आर के सिंह, आरके बुनकर आदि शामिल रहे।

# मानव जनकल्याण संस्थान छग की संवेदनशील पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

मानवता और करुणा का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मानव

- 15 वर्षीय दिव्यांग बालक यदुराम बारिया को प्रदान की गई व्हीलचेयर
- जीवन है अनमोल अभियान के माध्यम से समाज सेवा की नई मिसाल

जनकल्याण संस्थान छत्तीसगढ़ की टीम ने सरायपाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत राजाडीह में एक विशेष सेवा कार्य किया। संस्था द्वारा 15 वर्षीय दिव्यांग बालक यदुराम बारिया, जो शारीरिक रूप से चल-फिर पाने में असमर्थ हैं, को व्हीलचेयर प्रदान की गई। यह पहल संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चतुर्वेदी की पहल और मार्गदर्शन में हुई। यदुराम बारिया पिछले कई वर्षों से शारीरिक असमर्थता के कारण घर तक सीमित जीवन जीने को मजबूर थे। आर्थिक परिस्थितियां भी ऐसी नहीं थीं कि परिवार स्वयं व्हीलचेयर की व्यवस्था कर सके। जब यह जानकारी मानव जनकल्याण संस्थान की टीम तक पहुंची, तो संस्था ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायता का निर्णय लिया। आज व्हीलचेयर प्राप्त करते ही यदुराम और उनके परिजनों की आँखों में जो खुशी और आशा की चमक दिखी, वह इस सेवा कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में विश्वास और सहयोग की भावना को सशक्त बनाते हैं।

# कॉलेज में इको टूरिज्म पर वर्कशॉप

**बोइरगांव (कोमाखान)।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में 26 फरवरी को 'इको टूरिज्म' पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन प्रभारी प्राचार्य पीयूष कुमार द्वारा सरस्वती माता के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित और दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने उद्घाटन भाषण में कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को इको टूरिज्म को समझना और आगे जीवन में इसका लाभ उठाने पर जोर दिया।



इस वर्कशॉप में महाविद्यालय के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला को तीन सत्रों में बांटा गया था। पहला सत्र ऑनलाइन माध्यम से संचालित हुआ। जिसमें वन्य जीव संरक्षण वैज्ञानिक डॉ. अलोक कुमार साहू द्वारा इको टूरिज्म पर गहनता से जानकारी दी गई। उन्होंने उदंती अभ्यारण में बसाए गए दो इको टूरिज्म गांव का उदाहरण दिया और और छात्रों को अपने क्षेत्र में इको टूरिज्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया। दूसरे सत्र में रायपुर के पर्यावरण कार्यकर्ता पीसी रथ ने छत्तीसगढ़ में इको टूरिज्म और पर्यावरण चेतना पर विद्यार्थियों से विस्तार से बात की और उन्हें मनुष्य और पर्यावरण चेतना को जोड़ते हुए इको टूरिज्म के प्रसार के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कक्षा गतिविधि के रूप में फीडबैक फॉर्म दिया और विद्यार्थियों से डाटा कलेक्शन किया जो क्षेत्र में भविष्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं को तलाशने में सहायक होगा।

कार्यशाला के तीसरे सत्र में बद्री प्रसाद लोधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय आरंग के प्रोफेसर डॉ. अविनाश कुमार लाल ने कार्यशाला में उपस्थित महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इको टूरिज्म में रोजगार की संभावना विषय पर विस्तृत सूचना दी। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से इस रोचकता से प्रस्तुत किया और विद्यार्थियों के विचार आमंत्रित किये। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित पंजीकृत विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया और आमंत्रित स्त्रोत व्यक्तियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यशाला का संचालन भारती साहू (अतिथि व्याख्याता अंग्रेजी) ने किया वहीं क्रीड़ा अधिकारी आदिल अहमद ने तकनीकी पक्ष का संचालन किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता हरीश चौहान, डॉ. टिकेंद्र साहू, डॉ. रंजना दुबे, लता पटेल, मन्नुलाल कुर्रे, हेमा वर्मा, मोनिका वर्मा, नीलम जांगड़े हेतराम भोई, प्रकाश चंद्राकर और गगन का सहयोग रहा सहयोग रहा।

## आमलकी एकादशी व्रत रख महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में महिलाओं ने आमलकी एकादशी व्रत रखकर पूजा अर्चना की। इस दौरान संतोष महाराज ने कहा कि आमलकी एकादशी का व्रत फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष पर एकादशी को आमलकी एकादशी, रंग भरी एकादशी या आंवला एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। आमलकी एकादशी के दिन आंवले का विशेष महत्व होता है। इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा करना, आंवले का सेवन करना और आंवले का दान करना अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। इस एकादशी का संबंध आंवला वृक्ष से विशेष रूप से जुड़ा हुआ है। शास्त्रों में आंवले को पवित्र, औषधीय और दिव्य गुणों से युक्त बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ की विधि-विधान से पूजा करने से समस्त पापों का क्षय होते है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। इस दिन विधि-विधान से विष्णु के साथ आंवले की पूजा करने से शुभ फल प्राप्त होते है। इस दौरान महिलाओं फुलेश्वरी, विमला, लक्ष्मी, लीना, उमा राधिका, शीला, सरोज आदि उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत की गई 16 चालानी कार्रवाई

**महासमुंद।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन में विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत आंवराडबरी एवं भीमखोज में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003) के तहत चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई डीपीएम नीलू घृतलहरे के मार्गदर्शन व जिला नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉक्टर छत्रपाल चंद्राकर के सहयोग से किया गया। कार्यवाही में औषधि निरीक्षक अवधेश भारद्वाज द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में आने वाले विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबंध, 06 अ नाबालिगों के तंबाकू उत्पाद के उपयोग व बिक्री पर प्रतिबंध व धारा 06 ब शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद की बिक्री पर प्रतिबंध के अन्तर्गत कुल 16 चालान काटे गए। चालानी कार्रवाई में औषधि निरीक्षक अखिलेश पांडेय, अवधेश भारद्वाज एवं पुलिस विभाग से आरक्षक रेस कुमार दीवान उपस्थित थे।

## पचेड़ा में संत रविदास जयंती पर मड़ई मेला का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ मड़ई मेला एवं जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुवकुमार मिर्धा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने संत रविदास के समता, सद्भाव और मानवता के संदेश को आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए शिक्षा, संगठन और आत्मबल के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक विषमताओं को समाप्त कर समानता और भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में सभापति रवि फिरोदिया, आनंद साहू, इवन साहू, राजू मिर्धा (जिला मंत्री अजा मोर्चा), खेमराज बाकरे प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा, बुद्धेश्वर सोनवानी प्रदेश प्रवक्ता शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ, खिलावन मेहरा मीडिया प्रभारी, शत्रुघ्न साहू, भरत चंद्राकर, बेदनाथ मेहरा, मोहन मिरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## महासमुंद जनपद प्रतिनिधि दल ने की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से सौजन्य भेंट

महासमुंद। महासमुंद जनपद पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के एक दल ने छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल शामिल निधि लोकेश चंद्राकर, सुधा योगेश्वर चंद्राकर, सुषमा राकेश टंडन, पुष्पा ध्रुव, अश्वनी ह्यूमन दीवान, सृष्टि मोहित ध्रुव, अंजलि जगन्नाथ खैरवार, योगेश्वर चंद्राकर आदि ने विधानसभा सत्र का अवलोकन किया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के लिए की जा रही नीतियों एवं योजनाओं पर चर्चा की। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास से संबंधित मुद्दों पर भी मंत्री को अवगत कराया तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए। मंत्री राजवाड़े ने सभी जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। इस दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि विधानसभा का दौरा कर विधायी कार्रवाई को प्रत्यक्ष रूप से देखना एक प्रेरणादायक अनुभव रहा।

# धरना-प्रदर्शन में आजाद के बलिदानी दिवस पर भरी हुंकार : अंकित

## बागबाहरा में कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की मांगों का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि लगातार भाजपा पार्टी की वादाखिलाफी से आम जन के साथ साथ सरकारी विभाग के समस्त कर्मचारी भी परेशान है। इसी का परिणाम है कि लगातार प्रशासन का कोई न कोई विभाग धरने प्रदर्शन करने और आमादा है। इसी कड़ी में बागबाहरा में छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहकारिता संघ द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में आमंत्रण मिलते ही समर्थन देने शामिल हुआ। अंकित ने कहा कि वे समर्थन देने इसलिए आये हैं कि आप सभी यहीं की बेटी और बहू हैं। हम अपना अधिकार मांगते, न ही किसी से भीख मांगते के गूंजायमान नारों के साथ अपने उद्बोधन में अंकित बागबाहरा ने कहा कि भाजपा सरकार चाहे वो केंद्र में आई या राज्य में आई वो सिर्फ झूठ बोलने का काम करती है। चाहे केंद्र में मेंहगाई की बात करें, चाहे बेरोजगारी की। अंकित ने पूछा कि बहुत हुई महंगाई की मार अबकी बार मोदी सरकार के नारों के साथ केंद्र में बैठी भाजपा ने पेट्रोल डीजल का मूल्य दोगुना कर दिया, रसोई गैस को 400 से 1100 और उसमें मिलने वाली 200 की सब्सिडी को 50 कर दिया और एहसान जताने सिलेंडर की कीमत 900 कर दी। हाल ही में किसानों को धान खरीदी में बहुत परेशान किया। अंकित ने कहा कि सरकार की संवेदनहीनता का पता इसी से चलता है कि यहां प्रदेश की डेढ़ लाख महिलाएं धरने पर बैठी हैं और भाजपा के मुख्यमंत्री अपने मंत्रियों के साथ मूवी देखने गए थे। अंकित ने बताया कि आंगनबाड़ी सहायिका, कार्यकर्ता लगातार जनहित का महतारी वंदन, मातृत्व वंदना, गर्भवती महिला, गर्मभोजन पौष्टिक आहार का काम करते है। अभी एसआईआर का काम किया, पर उन्हें कोई अलग से मानदेय नहीं दिया गया। विडंबना ये है कि इन्हें ना पेंशन का, ना संविदा का, ना बीमा का ना मृत्यु पश्चात कोई राशि की व्यवस्था हो पाती है और तो और भाजपा की पिछली 15 साल की सरकार ने मात्र 500 -500 रुपए बढ़ाया, पर जब कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार थी तो उन्होंने सहायिका का 1750 और कार्यकर्ता का 3500 एक मुश्त बढ़ाया और सरकार बनते ही इन्हें शासकीयकरण किया जाता ये तय था। अंत में अंकित ने इन्हें मात्र 1000 रुपए की बढ़ोत्तरी से बहकावे में ना आने का भी अनुरोध किया। साथ ही उनकी समस्त मांगों का समर्थन भी किया और कहा कि उनकी हर लड़ाई में कांग्रेस उनके साथ है। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष लखबीर छाबड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल, नवनीत सलूजा, देवेश साहू, पोखराज साहू, मिथुन आमिर, ताम्रध्वज बघेल, किशन निर्मलकर व सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित रही।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार प्रकाशन //
रा.प्र.क्र....ब/121/ वर्ष 2025-26
ग्राम :- बकमा प.ह.न 10 रा.नि.मं :- कोमाखान
तहसीलः कोमाखान, जिला महासमुन्द छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक :- लोकेश बाघ पिता रेखराम बाघ जाति सतनामी निवासी बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है, उनकी माता श्रीमती हिरादेवी बाघ पति श्री रेखराम बाघ की मृत्यु दिनांक 14.05.2008 को ग्राम बकमा तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों की अथानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण वे श्रीमती हिरादेवी बाघ पति श्री रेखराम बाघ की मृत्यु दिनांक 14.05.2008 की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार बकमा एवं रजिस्ट्रार ( मृत्यु) बकमा को नहीं दे पाये जिसके कारण रजिस्ट्रार (मृत्यु) बकमा के द्वारा आवेदक की माता श्रीमती हिराबाई पति श्री रेखराम बाघ का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं जारी किया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी माता श्रीमती हिरादेव बाघ पति रेखराम बाघ का मृत्यु दिनांक 14.05.2008 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 16.03.2026 को नियत है। उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 16.03.2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
कोमाखान

# लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को बढ़ाने और गति देने इंडस्ट्री बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से लघु एवं मध्यम उद्यमों के प्रदर्शन को बढ़ाने और गति देने रेम्प योजना अंतर्गत बुधवार को अग्रसेन भवन पिथौरा में इंडस्ट्री बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के स्थानीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रमुख बैंकों छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारियों ने उपस्थित उद्यमियों को विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं, मुद्रा योजना, प्रौद्योगिकी उन्नयन बाजार पहुंच क्रेडिट गारंटी योजना के लाभ के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में औद्योगिक विकास नीति 2024-30, पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई योजना के प्रावधानों, छूट एवं रियायतों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को बैंक अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिला। उपस्थित उद्यमियों ने अपने व्यापार से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिन पर बैंक अधिकारियों ने समाधान और मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मोहन लाल साहू ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को सशक्त करने की दिशा में अहम भूमिका निभाते हैं और भविष्य में ऐसे और भी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### बीएड तृतीय सेमेस्टर का परिणाम शत-प्रतिशत

**महासमुंद**। श्याम बालाजी कॉलेज के बीएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। इस सत्र में मोनिका वाघमारे ने 84.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त फिजा परवीन (83.7), राज पटेल (83.7), प्रेमा साहू (83.7) तथा रंजना चंद्राकर (83.4 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर, विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार साहू तथा सहायक प्राध्यापकगण उमा चौधरी, निर्मल बंजारे, टोपराम कुर्रे, डिम्पल साहू एवं शीतल साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गोस्वामी समाज का होली मिलन 8 को

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद की आमसभा तथा होली मिलन कार्यक्रम 8 मार्च रविवार को ग्राम लभराकला स्थित हुलास गिरि के निवास स्थान में होगा। जिसमें जिले के सभी महिला तथा पुरुष सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की गई है। जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि उक्त तिथि को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आमसभा की कार्रवाई होगी। तत्पश्चात होली मिलन कार्यक्रम होगा। होली मिलन कार्यक्रम में महिलाओं की बैठक व्यवस्था अलग से रहेगी। ताकि वे स्वतंत्रता पूर्वक कार्यक्रम का आनंद ले सकें। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए खोमन भारती, रामेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, शंकर पुरी, हुलास गिरि, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, अर्जुन गिरि, राजू गिरि, मनोज गिरि, राम पुरी, शुभम भारती आदि पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## निधन

### चंदादेवी डागा

**महासमुंद**। स्थानीय एकता चौक



निवासी 62 वर्षीय चंदादेवी डागा का शुक्रवार 27 फरवरी को निधन हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नंदकिशोर डागा की धर्मपत्नी, निखिल, अंकित डागा की मां व प्रतिष्ठित व्यवसायी कमल इंटरप्राइजेस के संचालक मूलचंद लद्धा की बड़ी बहन थी।

### शंकरलाल भोई

**सरायपाली**। अंचल के ग्राम सिरपुर



निवासी शंकरलाल भोई (73 वर्ष) का गुरुवार 26 फरवरी को शाम चार बजे रायपुर में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और रायपुर में उनका उपचार चल रहा था। अंतिम संस्कार गृहग्राम सरायपाली के ग्राम सिरपुर (बलौदा) में शुक्रवार 27 फरवरी को सुबह 10 बजे किया गया। वे अधिवक्ता तुलाराम भोई व दवा व्यवसायी शोभाकर भोई के पिता थे। अंतिम यात्रा में परिवार के लोगों, रिश्तेदारों, ग्रामीणों व आसपास गांवों के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

# सिकासेर-कोडार सिंचाई परियोजना के जल्द क्रियान्वयन के लिए सीएम से मिला दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में बहुप्रतीक्षित सिंचाई परियोजना सिकासेर-कोडार के लिए राज्य बजट में 3,047 करोड़ रुपए के प्रावधान के बाद जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक शॉल भेंट किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और स्वीकृत राशि के अनुरूप समयबध्द क्रियान्वयन होगा।

मुलाकात के संबंध में जानकारी देते हुए पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि जिले में लगातार अल्पवर्षा और अकाल की स्थिति से जूझ रहे किसानों के सूखे खेतों तक सिंचाई सुविधा पहुंचाने की मांग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। वर्षों के जनसंघर्ष, पदयात्रा, ज्ञापन और राजनीतिक प्रयासों के बाद राज्य सरकार ने 3,047 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर इस महत्वाकांक्षी सिंचाई परियोजना को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने बताया कि इस आंदोलन की शुरुआत वर्ष 2020 में हुई, जब प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन सिंचाई मंत्री से मुलाकात कर महासमुंद जिले में स्थायी सिंचाई व्यवस्था की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। हालांकि, उस समय ठोस परिणाम सामने नहीं आ सके, लेकिन जनप्रतिनिधियों और किसानों ने प्रयास जारी रखा। 19 फरवरी 2023 से गरियाबंद जिले के वनांचल क्षेत्र उंडा (पीपरछेड़ी) से राजधानी रायपुर तक 155 किलोमीटर लंबी पदयात्रा प्रारंभ की गई। इस पदयात्रा का उद्देश्य विधानसभा घेराव कर सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। चुन्नीलाल साहू ने बताया कि उनके नेतृत्व में पदयात्रा के रायपुर पहुंचने पर लगभग 2000 किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रशासन द्वारा रोके जाने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने तत्कालीन राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की। प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराया, जिस पर राज्यपाल ने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करते हुए सर्वे कार्य के लिए बजट में राशि का प्रावधान सुनिश्चित कराया। हालांकि, इसके बाद भी तत्कालीन सरकार द्वारा अपेक्षित गति से कार्रवाई नहीं की गई। आंदोलनकारियों ने 2023-24 के विधानसभा चुनाव के दौरान इस मांग को राजनीतिक एजेंडे में शामिल कराने के प्रयास तेज किए। परिणामस्वरूप, भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में इस सिंचाई परियोजना को स्थान मिला। सरकार गठन के बाद विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए बजट में 3,047 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी। इससे जिले के हजारों किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। परियोजना की स्वीकृति के बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। किसानों का कहना है कि यह बजट स्वीकृति नहीं, वर्षों के संघर्ष, विश्वास और सामूहिक संकल्प की जीत है।

### विडंबना : रात्रिकालीन गश्त कागजों तक सीमित होने के लग रहे आरोप

# लगातार हो रही चोरियों से परेशान हैं कर्मचारी कॉलोनी के नागरिक, सुरक्षा की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

- लगातार वारदातों से दहशत, 80 लाख से अधिक की संपत्ति पार, पुलिस पर उठे सवाल

चोरों के लिए ग्राम पंचायत लहरौद स्थित कर्मचारी कालोनी गढ़ बना हुआ है। लगातार चोरी की घटनाओं ने से रहवासी परेशान हैं।स्थानीय लोगों द्वारा बीट व्यवस्था और रात्रिकालीन गश्त कागजों तक सीमित होने के आरोप लग रहे हैं।

मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2026 में राकेश नायक के निवास से लगभग 30 लाख रुपए के सोने के आभूषणों की चोरी हुई। इसी प्रकार सत्यवती दुबे के घर से 3 लाख 50 हजार रुपए नगद एवं जेवरात तथा बालकुमार ठाकुर के घर से लगभग 3 लाख रुपए के माल-मशरुका की चोरी दर्ज की गई। इससे पूर्व वर्ष 2024 में चितरंजन चौधरी की कार का कांच तोड़कर 10 लाख रुपये नगद पार कर दिए गए थे। वर्ष 2022 में महेश साहू के घर से 4 लाख रुपये के जेवर, वर्ष 2021 में नीरज अग्रवाल के यहां से 5 लाख 50 हजार रुपये तथा जितेंद्र प्रसाद दुबे के घर से 3 लाख रुपये की चोरी की घटना सामने आई थी।

पुनीत सिन्हा के घर को एक ही वर्ष में दो बार निशाना बनाया गया। पहली घटना में लगभग 10 लाख रुपये के जेवर एवं नगदी और दूसरी बार 60 हजार रुपये की नगदी चोरी हुई। इसके बावजूद पुलिस अब तक किसी भी मामले में ठोस सफलता हासिल नहीं कर सकी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कॉलोनी में 5-6 छोटी चोरियां ऐसी भी हुई हैं, जिनकी रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराई गई, क्योंकि पीड़ितों को कार्रवाई की उम्मीद नहीं है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चोरी की वास्तविक राशि 80 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है।



**सुनाई आपबीती**

स्थानीय निवासी पुनीत सिन्हा ने बताया कि दो बार चोरी हुई है। थाने में शिकायत की थी, पुलिस जांच में आई, लेकिन अब तक प्रकरण में कुछ नहीं हुआ। स्थानीय निवासी महेश साहू ने कहा कि घर में कोई नहीं था। लौटे तो ताला और आलमारी टूटी मिली। गहनों की चोरी हुई थी। पुलिस कई बार आई, जांच भी हुई, लेकिन नतीजा शून्य है। स्थानीय निवासी सत्यवती दुबे ने बताया ने कहा कि गांव से लौटी तो घर का ताला टूटा मिला। आलमारी से गहने गायब थे। रिपोर्ट दर्ज कराई, पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# कृषक उन्नति आदान सहायता से किसानों को ऐतिहासिक संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- किसानों को 10,000 करोड़ से अधिक राशि का हस्तांतरण

प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने एक बार फिर किसानों और श्रमिकों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए ऐतिहासिक पहल की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित कृषक उन्नति आदान सहायता योजना के अंतर्गत 25 लाख 24 हजार किसानों के खातों में 10,000 करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की जानी है। यह राशि किसानों को रबी फसल के लिए खाद, बीज, कीटनाशक दवाइयों की व्यवस्था के साथ-साथ पारिवारिक आवश्यकताओं, बेटियों के विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों में आर्थिक संबल प्रदान करेगी। एकमुश्त राशि खाते में पहुंचने से किसानों के चेहरों पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। इसके अतिरिक्त 5 लाख 62 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों को भी 10,000 प्रति हितग्राही के मान से मुख्यमंत्री द्वारा आने वाले समय में डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की जाएगी। यह निर्णय भूमिहीन श्रमिक परिवारों के जीवन में आर्थिक सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार की प्राथमिकता स्पष्ट है किसान, गरीब और श्रमिक वर्ग का सशक्तिकरण। उन्होंने कहा कि डीबीटी प्रणाली से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हुई है। बिचौलियों की भूमिका समाप्त होने से हितग्राहियों को संपूर्ण राशि सीधे उनके बैंक खातों में प्राप्त हो रही है, जिससे शासन के प्रति विश्वास और भी मजबूत हुआ है। ठाकुर ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ को कृषि और ग्रामीण समृद्धि के नए आयाम तक पहुंचाने वाली सिद्ध होगी।

## होली पर्व पर 4 को शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद**। राज्य शासन द्वारा होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जाएगा) के अवसर पर बुधवार 04 मार्च 2026 को संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी क्रम में महासमुंद जिले में भी उक्त दिवस पर मदिरा विक्रय एवं संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए हैं कि जिले में स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा की समस्त फुटकर दुकानें, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, क्लब तथा समस्त अनुज्ञापत्रधारी परिसर जैसे सीएस.-2 (घघ), सीएस-2 (घघ कंपोजिट), एफएल 1 (घघ), एफएल-1 (घघ कंपोजिट), सीएस-2 (ग-अहाता), सीएस-2 (ग-अहाता कंपोजिट अहाता), एफएल-1 (ख-अहाता), एफएल-1 (कंपोजिट अहाता), एफएल-3 एवं देशी मद्य भंडारण भांडागार महासमुंद को 04 मार्च को पूर्णतः बंद रखा जाएगा। उक्त दिवस पर मदिरा का किसी भी प्रकार का विक्रय, परिवहन एवं संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही इस अवधि के दौरान मदिरा के व्यक्तिगत भंडारण तथा गैर-लाइसेंस प्राप्त परिसरों में मदिरा के संग्रहण पर सख्त रोक लगाई जाएगी। अवैध भंडारण पाए जाने पर मदिरा की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संभावित ठिकानों की जांच की जाए।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान कार्यशाला हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा-प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला वैचारिक जागरण और संगठनात्मक नवसंकल्प का सशक्त मंच बनकर उभरी। यह आयोजन केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि विचारों के पुनरुत्थान और कार्यकर्ता चेतना के नवोदय का प्रतीक सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं डॉ विमल चोपड़ा विषय वक्ता के रूप कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्य वक्ता अखिलेश सोनी ने पार्टी की संघर्षमयी यात्रा का स्मरण कराते हुए कहा कि दो सांसदों से प्रारंभ हुआ यह वैचारिक कारवां आज 200 से अधिक सांसदों के विराट जनसमर्थन तक पहुंचा है। यह विस्तार केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या का परिणाम है। उन्होंने संगठन की विचारधारा, कार्यशैली और नेतृत्व की प्रतिबद्धता को मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक सुदृढ़ रूप से स्थापित करने का आह्वान किया। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने प्रशिक्षण के विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें इतिहास और विकास की यात्रा, सैद्धांतिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंचनिष्ठा, कार्यकर्ता विकास, वर्तमान राष्ट्रीय चुनौतियां तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे विविध आयामों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रशिक्षण संगठन को नई दिशा और नई शक्ति प्रदान करेगा।

# भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाने की खुलेआम तैयारी: रश्मि

**महासमुंद**। कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कड़वी सच्चाई यही है कि भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाने की तैयारी खुलेआम चल रही है। ब्राउन शुगर, हेरोइन और नशीली गोलियों की तस्करी बढ़ रही है। पिछले कुछ माह से कई घटनाएं सामने आई हैं। रायपुर, दुर्ग-भिलाई जैसे शहरों में पान की दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिए ड्रग्स से जुड़े प्रोडक्ट बेचे जाने के मामले भी सामने आए हैं। पूरे प्रदेश में नशे के बाजार ने पिछले कुछ सालों में चुपके से जड़ें जमा ली हैं। अब इसकी जड़ें इतनी गहरी हो गई हैं कि प्रदेश के कई इलाके में नशीली दवाओं से लेकर गांजा बेफिक्री के साथ बिक रहा है। विष्णुदेव साय सरकार की सुशासन में पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति तार-तार हो चुकी है। कोई ऐसा शहर नहीं बचा है, जहां अश्लीलता, हत्या, बलात्कार, डकैती, लूटपाट न हो. अब छत्तीसगढ़ नशा का गढ़ बन गया है। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरम लाल कौशिक खुद स्वीकार कर रहे हैं कि प्रदेश में नशे का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बना दिया है, जो काफी चिंता वाली बात है। भाजपा की सरकार ने प्रदेश



को नशे का गढ़ बनाने पर ही काम किया है। छत्तीसगढ़ का एक ऐसा राज्य, जो कभी शांत जीवनशैली और खेती-किसानी के लिए जाना जाता था, अब नशे के माफियाओं के अघोषित साम्राज्य में तब्दील होता जा रहा है। गांव से लेकर कस्बों तक माफियाओं के अघोषित साम्राज्य के रूप में पहचाना जाने लगा है। आलम यह है कि गांव की गलियों से लेकर शहर के चौक-चौराहों तक, हर जगह अवैध शराब और इस अवैध कारोबार का बोलबाला है। और अफसोस की बात ये है कि भाजपा सरकार और कानून-व्यवस्था इसके सामने लगभग नतमस्तक नजर आ रही है। कई गांवों में तो महिलाएं खुद पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर के पास पहुंच चुकी हैं, शिकायतों की फाइलें जमा हो चुकी हैं।

## युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन कर किया पीएम का पुतला दहन



**पिथौरा (ग्रामीण)**। प्रधानमंत्री के खिलाफ सवाल पूछने पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब सहित अन्य युवा नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में स्थानीय युवा कांग्रेस एवं महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी को लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात बताया। वक्ताओं ने कहा कि सवाल पूछना लोकतंत्र का मूल अधिकार है और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है।







# खल्लारी में हुआ यादव ठेठवार समाज का अधिवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप



राधाकृष्ण मंदिर यादव (ठेठवार) समाज उप महासभा का वार्षिक अधिवेशन खल्लारी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण के पूजन अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव, सभाध्यक्ष शंकर लाल अहीर अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी व विशेष अतिथि हरीश यादव प्रदेश उपाध्यक्ष महासभा प्रदेश प्रभारी युवा प्रकोष्ठ, समलिया यादव संरक्षक उपमहासभा पूर्व अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी, फिरन यादव पूर्व अध्यक्ष उपमहासभा खल्लारी, तुलाराम यादव अध्यक्ष कौड़िया देवरी राज, लुलचंद यादव अध्यक्ष खल्लारी राज, हरिराम यादव अध्यक्ष सुअरमाल राज, हेमसिंह यादव अध्यक्ष आरंग राज, ईश्वर लाल अहीर खरियार राज थे।

सभाध्यक्ष शंकर लाल अहीर ने कहा कि सभी छः राज पार के सभी समाजिकजन को संगठित होकर कार्यक्रम में हिस्सा लेना चाहिए, जिसमे प्रेम, भाईचारा, सौहार्द पूर्ण वातावरण निर्मित होता है। सम्मेलन में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होवे, तभी हम किसी मांग को प्रबलता से रख सकते है। विशेष अतिथि हरीश यादव ने कहा कि आवश्यकता अनुसार नीति नियमों में संशोधन समय के मांग के साथ करना चाहिए, ताकि समाज प्रगतिशील समाज बन सके। प्रान्तीय महासचिव महासभा राजिम समलिया यादव ने कहा कि बेटियों की शिक्षा के साथ बेटों की शिक्षा की आवश्यकता है। साथ ही उन्हें संस्कारी बनाने की जरूरत है। तभी समाज आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम में उपमहासभा खल्लारी के सभी पदाधिकारियों का गमछा भेंटकर बेच लगाकर सम्मान किया गया। इसमें छह राज के कौड़िया देवरी राज, खल्लारी राज, सुवरमाल राज, खरियार राज, आरंग राज, महासमुंद नगर के हजारों स्वजातीय बंधु सामाजिक चर्चा, विचार मंथन में हिस्सा लिए व प्राप्त आवेदनों पर विचार कर समस्या का समाधान किया गया। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी पर चर्चा की गई। साथ ही वार्षिक आय व्यय की जानकारी प्रदान की गई। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में मोमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोमकांत यादव (सचिव कौड़ियि राज) व हरिराम यादव ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप में से हरीश यादव (प्रान्तीय उपाध्यक्ष), समलिया यादव (प्रान्तीय महासचिव महासभा राजिम), तुलाराम यादव (अध्यक्ष कौड़ियि राज), हरिराम यादव (अध्यक्ष सुअर माल), सोमकांत यादव (सचिव कौड़ियि राज), दुलार यादव आदि मौजूद रहे।




